तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 20 अप्रैल 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 करौंदा मुड़ा सहित आसपास के गांव में महीनों से खराब सोलर पंप, गहराया पेयजल संकट




## खबर संक्षेप



### परशुराम सेना ने धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**सेदम।** सनातन परशुराम सेना द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों, पूजन-अर्चन, भजन-कीर्तन एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न आयोजन किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। सनातनी परशुराम सेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण तिवारी ने संगठन के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता सुमित उपाध्याय को संभागीय अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। इस अवसर पर उन्हें विधिवत नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। नव नियुक्त संभागीय अध्यक्ष सुमित उपाध्याय ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के उत्थान, सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संगठन को मजबूत करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

### सरपंच को जारी किया गया कारण बताओ नोटिस

**प्रतापपुर।** मदन नगर ग्राम पंचायत में प्रस्तावित कोयला खदान परियोजना का गांव के लोगों द्वारा विरोध करने तथा ग्रामीणों को उकसाने पर प्रशासन ने ग्राम पंचायत के सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार की अंडरटेकिंग कंपनी द्वारा मदन नगर, कनक नगर और जगन्नाथपुर क्षेत्र में प्रस्तावित कोयला खदान परियोजना के लिए भूमि सर्वेक्षण एवं निरीक्षण कार्य किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के दौरान कई बार ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने की बात सामने आई है। प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत मदन नगर की सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि सर्वेक्षण कार्य में बाधा डाली गई और निरीक्षण के लिए पहुंचे अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। प्रशासनिक रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ ग्रामीणों के पास कुल्हाड़ी, फरसा, तलवार, गुलेल और तीर-धनुष जैसे पारंपरिक हथियार थे, जिससे स्थिति और संवेदनशील हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी जमीन, जंगल और गांव की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उनका आरोप है कि बिना उनकी सहमति के भूमि अधिग्रहण और सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे उनमें आक्रोश बढ़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से गांव में बाहरी लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। रात के समय भी लोग समूह बनाकर पहरा दे रहे हैं और पारंपरिक हथियारों के साथ गांव की निगरानी कर रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह सर्वेक्षण पूरी तरह सरकारी प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है और किसी भी प्रकार की अवैध कार्रवाई नहीं हो रही है।

### जगह-जगह हुआ यात्रा का स्वागत

# परशुराम जयंती पर ब्राह्मण समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज ने समाज के कुल गौरव भगवान परशुराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की एवं विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा शहर के के चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए भगवान परशुराम मंदिर पहुंची जहां आरती एवं हवन उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया।

**खास बात**

- सांसद, विधायक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग हुए शामिल

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शनिवार को पूजा-अर्चना, अखण्ड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया। रविवार को रामायण पाठ की पूर्णाहुति की गई। शाम को अक्षय तृतीया पर 4.30 बजे समाज से सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर में एकत्र हुए जहां से गाजे-बाजे के साथ भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गांधी चौक, घडी चौक, संगम चौक, महामया चौक, लरंगसाय चौक का भ्रमण करते हुए परशुराम मंदिर पहुंची जहा भगवान की पूजन-हवन एवं आरती की गई। आरती उपरांत उपस्थित सदस्यों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा का विभिन्न समाज के लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान समाज के लोगों ने शोभायात्रा में शामिल होगों को जलपान कराया एवं सामाजिक एकता पर बल दिया। इस दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के संभाग अध्यक्ष आईबी तिवारी, महिला समाज की संभागीय अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी, राजेश तिवारी, माधुरी दुबे, सत्येन्द्र तिवारी, रविन्द्र तिवारी, विनोद तिवारी, अभिषेक शर्मा, देवेश शुक्ला, वसुधा तिवारी, नीलम शर्मा, दीपक मिश्रा, द्वितेन्द्र मिश्रा, महेन्द्र उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।



शोभायात्रा में समाज के लोगों के साथ शामिल हुए कैबिनेट मंत्री, सांसद व अन्य ।

### अक्षय तृतीया पर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई भगवान परशुराम जयंती, निकली भव्य शोभायात्रा

**रामानुजगंज।** नगर में अक्षय तृतीया के अवसर पर विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरे नगर में धार्मिक वातावरण देखने को मिला और हर ओर भक्ति का माहौल बना रहा।कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहां बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग एकत्रित हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम का पूजन कर समाज की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति गीतों और जयघोषों के साथ आगे बढ़ रहे थे, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों से होकर गुजरी, जहां विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह पानी एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। नगरवासियों ने भी बढ़-चढ़कर इस आयोजन में भाग लिया और अपनी आस्था प्रकट की। अंत में शोभायात्रा शिव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विप्र समाज के मधुसूदन चौबे, पारस पांडे, लाल बिहारी चौबे, विजय नाथ चौबे, डॉ. गोरख नाथ पांडे, विपिन पाठक, दिनेश चौबे, ऋषि द्विवेदी, श्याम कुशल पांडे, अरविंद दुबे, मनोज दुबे, अनुपम पांडे, विकास दुबे, अनिल पांडे, राजा तिवारी, जय चौबे, दिवाकर द्विवेदी, मनोज तिवारी, विनय पांडे, रमेश मिश्रा, विष्णु पांडे, उज्जवल तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी, निशांत चौबे, दामोदर मिश्र, रितेश पांडे, आनंद मिश्रा, सूरज मिश्रा, संतोष पांडे, आशु चौबे, दीपक दुबे आनंद चौबे, बिट्टू चौबे,योगेंद्र ओझा, सूर्यमणि पांडे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।





## बिना जनगणना के महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन का खेल : सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजीव भवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने कहा कि महिला आरक्षण जो 2023 में सभी के सहमति से जो पारित हुआ है, उसे केंद्र सरकार तत्काल लागू करें।

सिंह देव ने कहा कि कांग्रेस के सहयोग से 2023 में महिला आरक्षण बिल को सरकार ने पारित किया लेकिन इसको लागू करने में जनगणना का शर्त लगा दिया और 2026 के जनगणना के बाद इसे लागू करने को कहा। लेकिन अब बिना जनगणना के महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन का खेल खेलने लग गए। इस बिल को लेकर सिंह देव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार को जहां जहां सूट करता है, वहां इस बिल के माध्यम से सीट बढ़ाना चाहती थी और जो नुकसान के क्षेत्र थे वहां सीट कम करना चाहती थी। उनका इरादा 92 लोकसभा सीटों में खेल करने का था जिसे राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष ने विफल कर दिया। श्री सिंहदेव ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण की हमेशा से समर्थक रही है, अगर भाजपा महिला आरक्षण बिल की समर्थक है तो तत्काल 2023 में पारित बिल को लोकसभा के 543 सीटों के संदर्भ में लागू कर 179 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित करे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हम 2023 के समर्थन में है सरकार इसे तत्काल लागू करे।उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल का मुख्य विषय परिसीमन से जुड़ा हुआ है। वर्तमान प्रस्ताव के अनुसार 33 प्रतिशत आरक्षण मौजूदा सीटों पर ही लागू किया जाना चाहिए, ताकि इसका लाभ शीघ्र महिलाओं को मिल सके। प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सफी अहमद, अजय अग्रवाल, सीमा सोनी, अनूप मेहता सहित अन्य मौजूद थे।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने जम्मू से किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शहर के मणिपुर थाना में पीड़िता के परिजन ने 9 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई कि किशोरी 24 जनवरी को बिना बताए ही कहीं चली गई है। मोहल्ले सहित रिश्तेदार के यहां खोजबीन की गई लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 137(2) के तहत अपराध दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी। इधर पुलिस अधीक्षक एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए किशोरी को बरामद करने के निर्देश दिए। इसी बीच पुलिस टीम को सूचना मिला कि पीड़िता संदेही अजय शंकर तिवारी के साथ जम्मू के विजयपुर मे है। जिस पर पुलिस टीम को जम्मू रवाना किया गया। पुलिस टीम के सतत प्रयास से किशोरी को जम्मू के विजयपुर से संदेही अजय शंकर तिवारी के कब्जे से बरामद किया महिला पुलिस अधिकारी ने जब पूछताछ किया तो पीड़िता ने बताई कि आरोपी अजय शंकर तिवारी पीड़िता को बहला फुसला कर जम्मू भगा ले गया और शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस टीम ने आरोपी अजय शंकर तिवारी को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया तो आरोपी द्वारा अपना नाम अजय शंकर तिवारी आ. स्व. भागवत तिवारी (26 वर्ष) व डोरला थाना बलौदा जिला जांजगीर चापा* का होना बताया। आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 64(2)(ड़) एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6 जोड़कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



## धूमधाम एवं भक्ति भाव से सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाई परशुराम जयंती

**सीतापुर।** आदर्शनगर स्थित शिव मंदिर में सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान परशुराम की जयंती बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण किया गया। पूजा अर्चना के बाद अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज केके त्रिपाठी, सीएमओ नपं ओमप्रकाश शर्मा, अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अनिता तिवारी समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधित करते हुए भगवान परशुराम की जीवनी पर प्रकाश डाला।

- सामाजिक पत्रिका विप्र दर्पण का किया गया विमोचन

कार्यक्रम में उपस्थित समाज के वरिष्ठ सदस्य डॉ.आरएन मिश्रा, रामगोपाल द्विवेदी, शिवनारायण पांडेय, केके त्रिपाठी, दिवाकर मिश्रा, उदय नारायण ओझा, अनीता तिवारी द्वारा ब्राह्मण समाज की पत्रिका विप्र दर्पण का विमोचन किया। पत्रिका विमोचन के पश्चात सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शिव मंदिर से परशुराम चौक तक शोभायात्रा निकाली गई।



मुख्य मार्ग से होते हुए शोभायात्रा परशुराम चौक पहुंची जहाँ ध्वजारोहण एवं भगवान परशुराम की आरती के बाद शोभायात्रा वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा शिक्षा,खेलकूद एवं संगीत के क्षेत्र में अपना नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान बच्चो एवं वरिष्ठों का सम्मान किया गया। आशुतोष शर्मा संगीत,अभिनव मिश्रा बास्केटबॉल, आकर्षण मिश्रा शिक्षा, सुशील मिश्रा शतरंज एवं किशन उपाध्याय को राजनीति में नाम रोशन करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन उदयनारायण ओझा ने किया। इस दौरान कमलेश त्रिपाठी, उमेश मिश्रा, संगमलाल तिवारी, श्रीकांत मिश्रा, यशवंत मिश्रा, रविंद्र मिश्रा, रोहिताश शर्मा, सुनील तिवारी, मिथिलेश तिवारी, प्रकाश तिवारी, डॉ. मिथिलेश ओझा, ब्रजेश ओझा, डॉ. निरंजन मिश्रा, संजय मिश्रा, पुरुषोत्तम पुरोहित, संदीप मिश्रा, धनंजय उपाध्याय, बृजेश मिश्रा, हेमनाथ शुक्ला, धर्मेंद्र दत्त शर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, चंदन तिवारी, प्रियांशु तिवारी, दीपेश चौबे, आकाश द्विवेदी, सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

## मैनपाट के ग्राम सुपलगा में अनोखी शादी, ग्राम पैगा से बारात लेकर सुपलगा पहुंची दुल्हन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में हुई एक अनोखी शादी लोगों के चर्चा का विषय बनी हुई है। आपने दुल्हे की अनेकों बारातें देखी होगी लेकिन मैनपाट के दूरस्थ ग्राम सुपलगा में ग्राम पैगा की दुल्हन बारात लेकर पहुंची एवं विवाह उपरांत दुल्हे की विदाई कराने के उपरांत बारात लेकर अपने घर लौटी। विदाई के दौरान दुल्हा फूट-फूटकर रोया।

- दुल्हे को विदा करा ले गई मायके, फूट-फूटकर रोया दूल्हा



अलग खबर

ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपनी परम्पराओं का पालन दृढ़ता के साथ करते हैं लेकिन ग्राम सुपलगा में प्राचीन परम्पराओं को चुनौती देकर दुल्हन देवमुनि एक्का अपने परिजन एवं रिश्तेदारों के साथ बारात लेकर दुल्हे बिलासुस एक्का के घर पहुंची। दुल्हे के परिजन ने मसीही समाज की रीति के अनुसार विधि-विधान से दोनों का विवाह सम्पन्न कराया। बारात के पहुंचाने पर दुल्हे के परिजन ने बारातियों की अच्छी तरह खातेरदारी की। रात में दुल्हे के आंगन में सजे मंडप में पुरोहित ने दोनों विवाह सम्पन्न कराया। रात में विवाह के दौरान खुशी का माहौल था लेकिन सुबह जैसे ही विदाई का समय आया दुल्हा फूट-फूटकर रोते देख माहौल गमगीन हो गया। दुल्हन के पिता मोहन ने बताया कि उनकी चार बेटियां है। वे खेती के माध्यम से परिवार की रोजी-रोटी चलाते है। विवाह के बाद बेटियों के ससुराल जाने पर खेती-किसानी का काम बंद हो जाएगा। बुढ़ापा में उन्हें भी समस्या होगी। इसलिए अपनी बेटी देवमुनि के लिए ऐसे वर की तलाश में थे जो घर जमाई बनकर उनके घर रह सके तथा बेटे की तरह परिवार की जिम्मेदारियों को संभाल सके। उन्होंने ग्राम सुपलगा निवासी बरवा परिवार से बात की तो परिजन विवाह उपरांत बेटे बिलासुस बरवा को घर जमाई के रूप में सौंपने के लिए तैयार हो गए। मोहन एक्का ने बताया कि वे अपने जमाई को बेटे की तरह रखेंगे तथा सारी सुख सुविधाएं देंगे। दुल्हे बिलासुस के परिजन उर्मिला बरवा ने बताया कि विवाह पूर्व वर एवं कन्या पक्ष के बीच कई दौर की चर्चाएं हुई। बिलासुस के घर जमाई बनने से देवमुनि के परिवार को सहारा मिलेगा।

### वर पक्ष देता है दहेज

दूसरे समाज में कन्या पक्ष वर पक्ष को दहेज देता है। दहेज को लेकर कई बार विवाद की भी स्थिति निर्मित होती है तथा दहेज के कारण परिवार के बिखरने की भी घटनाएं होती हैं। इस परम्परा से अलग आदिवासी समाज में दहेज की अलग परंपराएं हैं। यहां कन्या पक्ष को वन पक्ष दहेज देता है। महेश तिर्की ने बताया कि हमारे समाज में विवाह उपरांत चुमावन की परंपरा है। वर एवं कन्या पक्ष के पारिवारिक सदस्य दुल्हन का बारी-बारी से चुमान करते हैं तथा उसे उपहार देते हैं। वर पक्ष के लोग कन्या पक्ष को देते है। दहेज के लिए कोई भी किसी पर दबाव नहीं डालता है। दहेज को लेकर किसी परिवार में कटुता भी नहीं आती तथा विवाह हंसी-खुशी के बीच सम्पन्न होता है।




# Jeevan Jyoti SUPER SPECIALITY HOSPITAL

A Unit of MHRC Pvt Ltd

जीवन रक्षाया: कृत् संकल्पः

6th Edition
NABH ACCREDITED
Certificate No. : H-2025-1713




## ADVANCED NEUROSURGERY DEPARTMENT

- High-precision surgical care
- Full time Faculty
- Physiotherapy and Rehabilitation
- 2000+ Successful Surgeries
- Comprehensive Brain And Spine Care
- Brain Tumor Surgery
- Aneurysm Clipping
- Laminectomy
- Discectomy
- Microsurgery And Endoscopic Spine Surgery

## ADVANCED TRAUMA CARE CENTER

24x7 Anaesthesia, Neuro Surgery, Emergency,
Critical Care
Orthopedics, Maxillofacial Surgery,
Vascular Surgery Cover
Modern OTs
Level 3 ICU
24x7 Diagnostics and Pharmacy
Physiotherapy and Rehabilitation

## ADVANCED CRITICAL AND EMERGENCY CARE

1. 24x7 helpline
2. 24x7 Ambulance
3. Trained Team
4. Advanced Diagnostics
5. Full time Faculty in Critical Care
6. Comprehensive Speciality programs
7. 24x7 Pharmacy
8. 24x7 Dialysis

### LIFE SUPPORT FOR

RTA · Hanging · Poisoning · Snake Bite · CV Stroke · Heart Attack, etc.

### KEY EXPERTISE

| | |
|---|---|
| -Blood Vessel Rupture | -Internal Bleeding |
| -Brain Injury | -Spine Injury |
| -Broken Ribs | -Vehicle Accidents |
| -Concussion | -Falls |
| -Drowning | -Firearms |
| | -Violence ... & more... |

## ADVANCED CARDIOLOGY PROGRAM

Advanced Philips Flat Panel Cathlab
High Resolution with precision
Real Time Imaging
Trained Cardiologist with Team

> *1000+ Successful Procedures done*
> *Angiography/Plasty, AICD, Orbital Atherectomy & IVL,*

## ADVANCED ORTHOPEDICS

- Joint Replacement — Knee, Shoulder, Hip
- Arthroscopic Surgery — Knee, Shoulder
- Reconstruction — ACL, BCL, MCL, PLC, Miniscal tear, Cartilage deffects
- Pelvic Acetebular Surgery — Fracture
- Sports Injury — Pediatric Fracture

## जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, अंबिकापुर ने उत्तर छत्तीसगढ़ में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के नए मानदंड स्थापित किए

जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, अंबिकापुर, क्षेत्र के सबसे विश्वसनीय और समग्र स्वास्थ्य संस्थानों में से एक के रूप में स्थापित हुआ है, जो उत्तर छत्तीसगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करा रहा है।

1983 में अंबिका क्लिनिक के रूप में शुरू हुई इस संस्था की गौरवशाली यात्रा चार दशकों में निरंतर विस्तार के साथ आज एक आधुनिक सुपर स्पेशलिटी हेल्थकेयर सेंटर के रूप में विकसित हुई है, जो अत्याधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ चिकित्सकों और मरीज-केंद्रित सेवाओं से सुसज्जित है।

## एक ही छत के नीचे समग्र सुपर स्पेशलिटी सेवाएं अस्पताल मे बहु-विशेषज्ञता चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध है, जिनमे शामिल है :

| | |
|---|---|
| इंटरनल मेडिसिन | इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर |
| इंटरवेशनल कार्डियोलॉजी | न्यूरोसर्जरी |
| ऑर्थोपेडिक्स | जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी |
| गैस्ट्रोएंटरोलॉजी | नेफ्रोलॉजी एवं यूरोलॉजी |
| प्रसूति एवं स्त्री रोग | आईवीएफ |
| पीडियाट्रिक्स एवं नियोनेटोलॉजी | पल्मोनोलॉजी |
| डर्मेटोलॉजी | लेबोरेटरी मेडिसिन |
| डेंटल सर्जरी | मनोरोग एवं नशा मुक्ति |
| फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन | रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग |

## Our Doctor's

| | | |
|---|---|---|
| DR. J K SINGH | DR. VINAY KARNIK | DR. PRACHI BHATTAR (RAIPUR) |
| LT. COL.(DR.) MK Tiwari | DR. DHANUSH KUMAR | DR. SUNEEDH GUPTA |
| DR ABHIJEET PRASAD | DR. ANURAG SINGH | DR. ANKUR SAXENA |
| DR. SNEHA SINGH | DR. DEEPAK GHORMODE (DURG) | DR. CHANDRANSHU TRIPATHY |
| DR. AAKASH SINGH | DR. PRASHANT THAKUR (RAIPUR) | DR. S. N. KUJUR |

## अत्याधुनिक आधारभूत संरचना एवं 24x7 आपातकालीन सेवाएं

अस्पताल मे चौबीसों घंटे आधुनिक आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध है, जिनमे शामिल है : ❖आईसीयू, ❖ एनआईसीयू, ❖ लेबर रूम, ❖ मॉडर्न ऑपरेशन थिएटर, ❖ कैथ लैब, ❖ डायलिसिस यूनिट,❖ प्रयोगशाला, ❖ इमेजिंग सेवाएं, ❖ एम्बुलेस सेवा, ❖ फार्मेसी व सभी आवश्यक सुविधाएं 24x7 उपलब्ध है, जिससे जरूरत के समय त्वरित एवं जीवनरक्षक उपचार सुनिश्चित होता है।

## जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के उत्कृष्टता केंद्र एडवांस ट्रॉमा एवं इमरजेसी केयर :

❖ सड़क दुर्घटना, ❖ स्ट्रोक, ❖ जहर सेवन, ❖ सर्पदंश, ❖ हार्ट अटैक, ❖ आंतरिक चोट, ❖ मस्तिष्क आघात, ❖ फ्रैक्चर एवं गंभीर आपात स्थितियों के लिए प्रशिक्षित टीम और लेवल-3 ICU सुविधा उपलब्ध है।

## एडवांस कार्डियोलॉजी प्रोग्राम :

आधुनिक फिलिप्स फ्लैट पैनल कैथ लैब, रियल-टाइम इमेजिंग तथा एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी जैसी सटीक हृदय प्रक्रियाएं उपलब्ध है।

## एडवांस किडनी केयर :

आधुनिक फिलिप्स फ्लैट पैनल कैथ लैब, रियल-टाइम इमेजिंग तथा एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी जैसी सटीक हृदय प्रक्रियाएं उपलब्ध है।

## एडवांस ऑर्थोपेडिक्स :

❖ जॉइंट रिप्लेसमेट, ❖ आर्थ्रोस्कोपी, ❖ स्पोर्ट्स इंजरी उपचार, ❖ फ्रैक्चर प्रबंधन एवं बाल अस्थि रोग उपचार उपलब्ध है।

## महिला स्वास्थ्य एवं फर्टिलिटी सेवाएं"

❖ विशेषज्ञ प्रसूति एवं स्त्री रोग सेवाएं, ❖ मिनिमली इनवेसिव सर्जरी, ❖ बांझपन उपचार, ❖ IVF, ❖ ICSI, ❖ गर्भावस्था देखभाल, ❖ प्रसव सेवाएं एवं उन्नत प्रजनन चिकित्सा उपलब्ध है।

## अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेवाएं :

अस्पताल मे निम्न आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध है : ❖ MRI, ❖ 16 स्लाइस CT स्कैन, ❖ डिजिटल एक्स-रे, ❖ अल्ट्रासोनोग्राफी एवं डॉप्लर, ❖ एंडोस्कोपी, ❖ डायग्नोस्टिक लैप्रोस्कोपी, ❖ हिस्टेरो-सैल्पिंगोग्राफी, ❖ डायग्नोस्टिक हिस्टेरोस्कोपी, ❖ इकोकार्डियोग्राफी, ❖ C-Arm, ECG, PFT एवं TMT, उन्नत पैथोलॉजी प्रयोगशाला।

## सुलभ एवं मरीज हितैषी स्वास्थ्य सेवाएं

जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कई प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं, बीमा कंपनियों, TPA संस्थाओं तथा कॉर्पोरेट साझेदारों से संबद्ध है, जिससे मरीजों को सुविधाजनक एवं किफायती उपचार उपलब्ध होता है।

## दूरदर्शी नेतृत्व

संस्था का नेतृत्व अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है :

## उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता

करुणामय सेवा, आपसी सम्मान एवं विश्वास तथा उत्कृष्ट गुणवत्ता के मूल्यों से प्रेरित जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का लक्ष्य केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे भारत मे स्वास्थ्य सेवाओं का मानक संस्थान बनना है।

## SHREE IVF CLINIC

*Advanced* **Test Tube** *Baby Centre*

(A Unit of Jeevan Jyoti Super Speciality hospital Ambikapur)



**न्यू बस स्टैंड के पास, आउटर रिंग रोड, दर्रीपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ - 497001**

9343608296/6261177373 www.jjhambikapur.com www.jeevanjyotifertility.com mhrcamb@gmail.com

